ट्रिगर • महंगाई के बावजूद अमेरिका में ब्याज दरें नहीं बढ़ने से बाजार में तेज रिकवरी

बाजार 7 में से 6 दिन गिरने के बाद संभला, सेंसेक्स में 905 अंकों की तेजी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिका में ब्याज दरें न बढ़ने से घरेलू बाजार को सहारा मिला। पिछले सात में से छह सत्रों की गिरावट के बाद गुरुवार को सेंसेक्स 905 अंक की उछाल के साथ 74,151 पर और निफ्टी 238 अंक चढ़कर 22,937 पर बंद हुआ। दोनों बेंचमार्क इंडेक्स में 1% से ज्यादा तेजी रही।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड ने कहा कि महंगाई अब भी ऊंची है, इसलिए दरों पर फैसला अगले हफ्ते अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के बाद होगा। ऊंची ब्याज दरें डॉलर और अमेरिकी सरकारी बॉन्ड में निवेश को आकर्षक बनाती हैं। ऐसे भारत जैसे उभरते बाजारों से विदेशी निवेशक दूरी बनाते हैं। ब्याज दरें न बढ़ने से यह ट्रेंड पलट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.88% चढ़कर ₹1,168.75 पर रही। एक दिन पहले लिस्ट हुआ जियो प्लेटफॉर्म्स 0.40% तेजी के साथ ₹1,423 रुपए पर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स का सितंबर तिमाही का मुनाफा 18% बढ़कर ₹3,682 करोड़ पर पहुंचने से उसके शेयर भी 5% उछाल के साथ ₹1,850 पर बंद हुए।

व्यापक मजबूती
बीएसई के 27 सेक्टोरल इंडेक्स में से 26 में तेजी

टॉप-10 इंडेक्स	तेजी
यूटिलिटीज	3.11%
रियल्टी	2.44%
एफएमसीजी	1.94%
सर्विसेज	1.77%
पावर	1.63%
कंज्यूमर ड्यूरेबल्स	1.55%
टेलीकम्युनिकेशन	1.30%
फाइनेंशियल सर्विसेज	1.19%
बैंकेक्स	1.17%
हाउसिंग फाइनेंस	1.01%

सिर्फ ऑटो इंडेक्स में 0.18% गिरावट आई

रिस्कः विदेशी निवेशक अब भी शेयर बेच रहे

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने खरीदारी शुरू कर दी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को 872 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी। लेकिन गुरुवार को इन्होंने 843 करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए। हालां कि घरेलू संस्थागत निवेशक बुधवार को 643 करोड़ रुपए की और गुरुवार को 1,924 करोड़ रुपए की खरीदारी की। इससे पहले भी विदेशी निवेशक अक्टूबर में अब तक करीब ₹35,000 करोड़ की बिकवाली कर चुके थे।

बड़े फैक्टरः कच्चे तेल के दाम 1% घटे, रुपया स्थिर

- **कच्चा तेलः** ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 1% घटकर 114 डॉलर प्रति बैरल पर रह गई, फिर भी यह सामान्य स्तर से करीब 40% ऊपर है।
- **रुपयाः** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग स्थिर रहा। इसकी विनिमय दर 3 पैसे बढ़कर 95.25 प्रति डॉलर रही।
- **डर कमः** उतार-चढ़ाव का इंडेक्स इंडिया विक्स 5.18% गिर गया।

बाजार ने 110 डॉलर से ऊपर के कच्चे तेल को नजरअंदाज किया। कमजोर वैश्विक संकेतों से उतार-चढ़ाव रहेगा, घरेलू फंडामेंटल्स मजबूत हैं। - **सनी अग्रवाल,** हेड-फंडामेंटल रिसर्च, एसबीआई सिक्योरिटीज

फेड का दरें स्थिर रखना हल्का सकारात्मक है, लेकिन अमेरिकी बॉन्ड से कमाई और महंगा तेल भारत के लिए चुनौतियां बनी हैं। - **वीके विजयकुमार,** मुख्य निवेश रणनीतिकार, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स

निफ्टी 22,800 की बाधा अब पार कर चुका है। लेकिन इस बेंचमार्क इंडेक्स के 22,750 से नीचे जाने पर लंबे सौदे वाले ट्रेडर बाहर निकल सकते हैं। - **श्रीकांत चौहान,** हेड-इक्विटी रिसर्च, कोटक निओ

इंडिगोः टिकट महंगे करके आय 26% बढ़ाई, फिर भी 1,879 करोड़ का घाटा

मुंबई | ईंधन पर खर्च बढ़ने के बीच कमजोर रुपए ने इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) की कमाई पर गहरा असर डाला। टिकट महंगे करने से जुलाई-सितंबर तिमाही में आय तो 26% बढ़कर ₹23,364 करोड़ हो गई, पर कंपनी को ₹1,879 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा उठाना पड़ा।एयरलाइन ने प्रति किलोमीटर यात्री कमाई 34% बढ़ाकर 6.30 रुपए कर ली। लेकिन यात्री 4.7% घटकर 2.75 करोड़ रह गए और सीटें भरने की दर (लोड फैक्टर) 80.3% ही रही। हालांकि घाटा पिछले साल की समान तिमाही के ₹2,582 करोड़ से कम है, पर जून तिमाही के ₹237 करोड़ से काफी ज्यादा है। इंडिगो के सीईओ विली वॉल्श ने कहा कि सितंबर की सुस्त तिमाही में ईंधन खर्च बहुत ऊंचा रहा और भू-राजनीतिक उथल-पुथल भी रही। इस बीच कंपनी ने क्षमता घटाई और कमाई बढ़ाई, लेकिन इससे बढ़ी लागत की आंशिक भरपाई ही हो सकी।

इंटरग्लोब एविएशनः जुलाई-सितंबर तिमाही का रिजल्ट एक नजर में

मापदंड	Q2 FY27	Q2 FY26	अंतर
ऑपरेटिंग रेवेन्यू	23,364	18,555	25.9 %
टैक्स पूर्व लाभ	-1,877	-2,482	-24.4 %
ऑपरेटिंग मार्जिन	12.22%	8.75%	3.47pp
टैक्स बाद लाभ	-1,879	-2,582	27.2 %

(आंकड़े करोड़ रुपए में, pp = परसेंटेज पॉइंट) स्रोतः कंपनी फाइलिंग

जुलाई-सितंबर में ईंधन खर्च 67% बढ़ा, अब कंपनी की कुल लागत में इसकी हिस्सेदारी 27% से 38%

तिमाही	जुलाई-सितंबर-25	जुलाई-सितंबर-26
ईंधन खर्च	₹5,962 करोड़	₹9,967 करोड़
कुल खर्च	₹22,081 करोड़	₹26,188 करोड़
लागत में हिस्सा	₹27%	₹38%

घाटे में रुपए की कमजोरी का असर ₹1,155 करोड़

सितंबर तिमाही के लिए इंडिगो के बही-खाते पर नजर डालें तो इसमें रुपए की कमजोरी का असर साफ दिखा। कंपनी के कुल घाटे में इसका असर 1,155 करोड़ रुपए रहा। यदि यह असर हटा दें तो घाटा 724 करोड़ रुपए रह जाएगा।

सीटें कम हुईं, पर प्रति सीट कमाई 26% बढ़ी

• क्षमता 1% घटकर 40.8 अरब सीट-किलोमीटर रही। • प्रति सीट-किलोमीटर आय 26.4% बढ़कर 5.76 रुपए। • टिकट से आय 2% बढ़कर ₹23,364 करोड़ हो गई। • अन्य सेवाओं से आय 15.9% बढ़कर ₹2,481 करोड़।

बड़ा सपोर्ट
• कंपनी के पास ₹52,685 करोड़

इंडिगो के पास ₹52,685 करोड़ कैश है। इसमें ₹39,929 करोड़ फ्री कैश है। कुल कर्ज ₹87,303 करोड़ है। फ्लीट में 442 विमान हैं, बीती तिमाही 10 बढ़े। समय पर फ्लाइट की आवाजाही 91.3% रही।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एसएमई शाखा कोरबा, डीके हॉस्पिटल के सामने, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.)

वाहन विक्रय सूचना

बैंक द्वारा जहाँ है, जैसा है, जो भी है, के आधार पर निम्नलिखित जप्त शुदा वाहनों के विक्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित है।

कम्पनी का नाम व मॉडल	ऋणी का नाम व पता	वाहन का रजि. क्रमांक	आरक्षित मूल्य/रुपये में	अमानत राशि (आरक्षित मूल्य का 10%)
Model: Ashok Leyland Ltd Chassis No. MB1JJVPD0RRPT2394 Engine No. RPEZ700240	मेसर्स एस. एस. अर्थमूवर्स एंड कंस्ट्रक्शन मालिकः श्री सुरेंद्र प्रसाद राठौर पुत्र फूलचंद राठौर, पताः 52 सरायपाली, भिलाई बाजार, हरदी बाजार, बथोरा, छत्तीसगढ़- 495454	CG-11 BN-7100	₹ 24,30,000/-	₹ 2,43,000/-
Model: Ashok Leyland Ltd. Chassis No. MB1JJVPD3RRPT3281 Engine No. PREZ704424		CG-11 BN-7800	₹ 24,30,000/-	₹ 2,43,000/-
Model: Ashok Leyland Ltd. Chassis No. MB1JJVPD0RRPT3125 Engine No. RPEZ700053		CG-11 BN-8300	₹ 24,30,000/-	₹ 2,43,000/-
Model: Ashok Leyland Ltd. Chassis No. MB1JJVPD2RRPT2395 Engine No. PREZ704429		CG-11 BN-8600	₹ 25,00,000/-	₹ 2,50,000/-
Model: Ashok Leyland Ltd. Chassis No. MB1JJVPD2RRPT3126 Engine No. RPEZ700241		CG-11 BN-8700	₹ 25,00,000/-	₹ 2,50,000/-
Model: Ashok Leyland Ltd. Chassis No. MB1JJVPD2RRPT3127 Engine No. RPEZ700239		CG-11 BN-8900	₹ 22,50,000/-	₹ 2,25,000/-

1. इच्छुक व्यक्ति वाहन का निरीक्षण दिनांक **30/10/2026** से **10/11/2026** तक, **स्थान- खरमोरा यार्ड कोरबा** में देख सकते हैं तथा अधिक जानकारी हेतु **श्री विशाल शर्मा, मो. 9998211106, श्री आदित्य जायसवाल- 9399669933** से सम्पर्क कर सकते हैं। 2. निविदा **दिनांक 11/11/2026** दिन- **बुधवार** को दोपहर **03.00** बजे तक इस कार्यालय के विभाग **(भारतीय स्टेट बैंक, एसएमई कोरबा, डीके हॉस्पिटल के सामने, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.)** में जमा की जा सकती है, उसी दिन शाम **04.00** बजे तक निविदाएं खोली जाएगी। अधिकतम राशि की निविदा स्वीकार योग्य होगी। सफल/स्वीकार निविदा कर्ता को निविदा मूल्य की **10%** राशि उसी दिन **11/11/2026** एवं शेष सम्पूर्ण निविदा राशि **15/11/2026** तक भुगतान करनी होगी। उसके बाद वाहन की सुपुर्दगी दी जायेगी। निर्धारित समय सीमा में आवश्यक राशि का भुगतान नहीं करने पर निविदाकर्ता द्वारा पूर्व में जमा राशि जब्त कर ली जायेगी। 3. बैंक को यह अधिकार है कि बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है या/तथा निविदा की कार्यवाही/दिनांक निरस्त/परिवर्तित कर सकता है। 4. निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्तों तथा वाहन के बारे में जानकारी एवं निविदा फार्म हेतु हमारे कार्यालय के उपरोक्त विभाग में सम्पर्क करें। 5. उपरोक्त ऋणियों को तदनुसार सूचना। (नोटः नियमानुसार **YARD** चार्ज अतिरिक्त देय होगा।) एवं **DD, CM SBI SME शाखा कोरबा के नाम पर देय होगा।**

दिनांक : 29.10.2026 स्थान : कोरबा (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

भास्कर APPOINTMENT

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
(भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
भोपाल-462003 (म.प्र.) भारत

संयुक्त पीएचडी प्रवेश सूचना सत्र 2026-27

No/MANIT/Acad./2026/91 — दिनांकः 30/10/2026

संयुक्त पीएचडी प्रोग्राम मैनिट भोपाल और आईआईटी जम्मू में प्रवेश के लिए नीचे दी गई श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः-

पूर्णकालिक (FT)		सीटों की संख्या
FT-संस्थान	संस्थान फेलोशिप के साथ	12

अधिक विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट www.manit.ac.in पर जाएं। आवेदन पत्र भरने के लिए saral.iitjammu.ac.in/phdapplication पर जाएं।
विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10 नवंबर 2026 है।

निदेशक

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत
DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.) INDIA
(A Central University)
Website : www.dhsgsu.edu.in, Tele : +91-7582-265228

विज्ञा. सं. R/2026/NTC-01 — **रोजगार सूचना** — Dated : 01.11.2026

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरात्व विभाग में संविदा आधार पर क्यूरेटर (संग्रहालयाध्यक्ष) पद पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

- ऑनलाईन आवेदन करने हेतु लिंक (https://dhsgsunt.samarth.edu.in/) दिनांक **01.11.2026** से उपलब्ध होगी।
- ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि : **01.11.2026**
- ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि : **30.11.2026**
- ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : **07.12.2026**

निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएँ, अनुभव, अन्य विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

बिजनेस ब्रीफ

माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा 32% बढ़ा, आय 19%

न्यूयॉर्क | जुलाई-सितंबर तिमाही में माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा सालाना 32% बढ़कर 36.6 अरब डॉलर (₹3.48 लाख करोड़) हो गया। आय भी 19% बढ़कर 92.3 अरब डॉलर (₹8.78 लाख करोड़) हो गई। एआई और क्लाउड बिजनेस से कंपनी को मजबूती मिली। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड की आय 30% बढ़ी जबकि एज्योर की आय में 48% बढ़ोतरी हुई।

अमीरों के बीच औसत टर्म इंश्योरेंस कवर 30% बढ़ा

नई दिल्ली | देश में अमीर तबके के बीच टर्म इंश्योरेंस की मांग बढ़ रही है। पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2023 के बाद ऐसे ग्राहकों की बुकिंग दोगुनी हो गई, जबकि औसत बीमा कवर 30% बढ़ा है। करीब 50% ग्राहक 35 साल से कम उम्र के हैं। ₹3 करोड़ या उससे अधिक के कवर 25% बढ़े। 5% ग्राहक 5 करोड़ या अधिक का कवर चुन रहे हैं।

रिलायंस ब्रिटेन में हैमलीज फ्रेंचाइजिंग बंद कर रही

मुंबई | रिलायंस इंडस्ट्रीज ब्रिटेन में अपनी सहायक कंपनी हैमलीज (फ्रेंचाइजिंग) लिमिटेड को स्वेच्छा से बंद करने जा रही है। ब्रिटेन के कंपनी रजिस्ट्रार ने 27 अक्टूबर को इसे रजिस्टर से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कम से कम दो महीने बाद कंपनी को भंग किया जा सकता है। 2025 में कंपनी का कारोबार सिर्फ ₹56 करोड़ का रहा था।

फोक्सवैगन को 61,886 करोड़ रुपए का घाटा

बर्लिन | जर्मन कार कंपनी फोक्सवैगन को सितंबर तिमाही में 6.5 अरब डॉलर (₹61,886 करोड़) का शुद्ध घाटा हुआ। चीन में कमजोर मांग, अमेरिकी टैरिफ और इलेक्ट्रिक कारों से कम मुनाफा इसकी वजह रही। पोर्शे में हिस्सेदारी की वैल्यू घटने से 6.4 अरब यूरो (₹67,802 करोड़) का असर पड़ा। आय 6.3% घटकर 80.3 अरब यूरो रह गई।

अमेरिका की विकास दर बढ़कर 3.4% हुई

वॉशिंगटन | सितंबर तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 3.4% बढ़ी, जबकि अर्थशास्त्रियों ने 3.2% वृद्धि का अनुमान लगाया था। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता खर्च और एआई से जुड़ा निवेश बढ़ना इसके प्रमुख कारण रहे। उपभोक्ता खर्च 3.8% बढ़ा। मध्य-पूर्व संघर्ष के कारण तेल महंगा होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज रही।

एआई से 2030 तक 19 लाख करोड़ के नए मौकों के आसार

मुंबई | एआई आधारित सेवाओं से 2030 तक ₹9.5 से 19 लाख करोड़ के नए काम पैदा हो सकते हैं। लेकिन इससे टेक कंपनियों में नई भर्तियां नहीं बढ़ेंगी। ग्लोबल मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म बीसीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां मौजूदा कर्मचारियों को ही नई तकनीक की ट्रेनिंग देकर मांग पूरी कर सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल सर्विस मार्केट 2025 में ₹152-162 लाख करोड़ का था। यह 2030 तक ₹210-229 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।

ई नीलामी सूचना
ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

प्रकरण संख्याः RC 419/2020/ओ.ए.नं. 566/2019 — **ई नीलामी संख्याः 211/2026**

BANK OF BARODA वि. **M/S INDIAN EGG CENTER** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 419/2020/ O.A. No. 566/2019** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 17,67,442.00 (Rupees Seventeen Lakh Sixty Seven Thousand Four Hundred Forty Two only)** तथा उस पर **11.00** प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक **18.04.2019** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाइन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 16-12-2026, दोपहरः 12.00 से 1.00 बजे

संपत्ति की अनुसूची

क्र.सं.	विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण	आरक्षित/न्यूनतम मूल्य	ई.एम.डी. राशि
1.	Land & Building Situated at Najul Plot No. **170/2**, Sheet No. **39** A, P.H. No **06/29**, RNM Mungeli, Shankar Nagar Ward, Ward No. 05, Mungeli, Tahsil & Disst. Mungeli (C.G.). Area measuring **624 Sq. Ft.** in the name of **Abdul Halim Khan & Abdul Hannan Khan Both S/o Late Abdul Hakim Khan.**	**Rs.14,00,000.00** (Rupees Fourteen Lakh only)	**Rs.1,40,000.00** (Rupees One Lakh Forty Thousand only)
	संपत्ति पर विद्यमान भार/प्रभार का विवरण		ज्ञात नहीं है

विक्रय की शर्तें एवं नियम

1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों, आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम, 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय- समय पर यथासंशोधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होंगी।
2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

नीलामी एजेंसी	Bank asset Auction Network (BAANKNET)
हेल्पलाइन नं.	+ 91- 82912 20220
हेल्पलाइन ईमेल	support.baanknet@psballiance.com
बैंक अधिकारी	Shri Sudipto Basu, Chief Manager, Mob. No. 98744 55720
संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	04-12-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट https://baanknet.com का अवलोकन करें।
4. बोलियाँ (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएँगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणित प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व/ अधिकार-पत्र (Power of Attorney / Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण, क्षेत्रफल/ माप, प्रभारों (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य सक्षम स्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णतः संतुष्ट हो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि, विसंगति, कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा।
5. आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात् रु. **Rs.1,40,000.00 (Rupees One Lakh Forty Thousand only)**; ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा।
6. ऑनलाइन बोली दिनांक **14-12-2026** को सायं **5:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी।
7. ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट, दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथाशीघ्र प्रेषित की जाएगी।
8. ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रु. **Rs.15,000.00 (Rupees Fifteen Thousand only)**; होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वतः 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
9. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी।
10. स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन अपनी बोली स्वीकृत होने पर, बोली राशि का 25% (ईएमडी घटाकर) **INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR** में वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, खाता डीआरटी जबलपुर, खाता संख्या **7890303849**, आईएफएससी कोड **IDIB000C627** में **RTGS / NEFT** द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुनः विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
11. सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रु.10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित खाता संख्या 7890303849 में आरटीजीएस (RTGS)/ एनईएफटी (NEFT)/ मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवाँ दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात् आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में, संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sale) जारी कर पुनः नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) उक्त संपत्ति अथवा उसके पुनर्विक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा।
12. संपत्ति का विक्रय "जैसी है जहाँ है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर" (**As is Where is and No Complaint Basis**) किया जाएगा।
13. संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा।
14. वसूली अधिकारी को बिना करण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थगित/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
15. इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वामित्व अभिलेखों का अवलोकन करें तथा संपत्ति की पहचान, विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तरदायी नहीं होगा।
16. बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान के लिए डीआरटी/ बैंक/ सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे।
17. उच्चतम बोली "अनुमोदन के अधीन" अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा।
18. विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
19. विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/ यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं।
20. विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिखित नामों के अतिरिक्त किसी अन्य नाम को जोड़ने या प्रतिस्थापित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
21. बोलीदाता अपने यूजर आईडी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी को भी प्रकट न करें।
22. बोलीदाताओं को समय विलंब, अधिक ट्रैफिक सिस्टम/ विद्युत विफलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है।
23. ई-नीलामी सेवा प्रदाता, बैंक के अधिकारी, उनके प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं एजेंट ई-नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं के विवरणों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे।

स्थानः जबलपुर — (प्रीति देसाई)
दिनांकः 12.10.2026 — वसूली अधिकारी-I

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेलः recovery.bilaspur@bankofbaroda.com

बिक्री सूचना (ई-नीलामी) चल संपत्तियों की ई-नीलामी

दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं, इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी एवं जमानतकर्ता को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक चल संपत्तियों जो कि प्रतिभूत लेनदार के पक्ष में, जिनका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चूका हैं की ई-नीलामी "जो हैं जैसी हैं जहां हैं एवं जो कुछ भी हैं" के आधार पर रखी गई है. ऋणकर्ता एवं संपत्ति का विवरण निम्नानुसार हैं:
नीलामी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे से अपरान्ह् 6.00 बजे के बीच ऑनलाइन ई-नीलामी से होगी।

क्र.	शाखा / दूरभाष सं.	ऋणकर्ता / बंधककर्ता का विवरण	बिक्री होने वाली संपत्ति का विस्तृत विवरण	वर्ष	बकाया ऋण (रु.)	प्रारक्षित मूल्य / बयाना राशि (रु.)
01	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्रीमती प्रीति तिग्गा पताः गिनाबहार, जशपुर नगर, छ.ग. - 496225	TATA TIAGO XZ+ 1.2 RTN BS6 Registration No.: CG 14 MS0590	2022	रु. 5,29,503.90 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 3,24,000.00 रु. 32,400.00
02	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्री राजेश राम पिता श्री फिटकू राम पताः 127 तपकरा बघारकोना, जशपुर नगर, छ.ग. - 496331	TATA ALTROZ XM+ 1.2P BS6PH2 Registration No.: CG 14 MR 8864	2023	रु. 6,97,857.00 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 3,24,000.00 रु. 32,400.00
03	जांजगीर शाखा जांजगीर 9039049472	श्री सुनील कुमार देवांगन पताः वार्ड नं. - 10 जिला - जांजगीर चांपा, छ.ग. - 495668	HYUNDAI i20 ASTA(O) CRDI Registration No. CG 11 AQ 2549	2018	रु. 6,58,580.00 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 1,89,000.00 रु. 18,900.00
04	जशपुर शाखा, जशपुर 7797201001	श्री सेवक शुक्ला पता : 104 सकरडेगा, रायगढ़, छ.ग. - 496331	TATA ALTROZ XM +1.2P BS6PH2 Registration No. CG 14 MS 6128	2023	रु. 7,26,450.00 + ब्याज एवं अन्य प्रभार	रु. 4,05,000.00 रु. 40,500.00

बयाना राशि जमा करने की अंतिम तारीख 17.11.2026 हैं समय सायं 06:00 बजे तक. इच्छुक बोलीदाता संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 16.11.2026 को दोपहर 01.00 बजे से लेकर अपरान्ह् 04.00 बजे के बीच किया जा सकता हैं. बोली लगाने वाले व्यक्ति बोली के समय अपने प्रस्ताव को रु. 5,000.00 (रुपये पांच हजार मात्र) के गुणज में उन्नत कर सकते हैं. बिक्री संबंधित विस्तृत जानकारी ई-नीलामी एजेन्सी की वेबसाइट https://baanknet.com से प्राप्त की जा सकती हैं.
सांविधिक 15 दिवसीय बिक्री नोटिस. ऋणकर्ताओं / गारंटीकर्ताओं को एतद् द्वारा नीलामी तिथि से पूर्व उपरोक्त लिखित राशि का भुगतान करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी एवं शेष बकाया यदि कोई होगी तो उसकी वसूली विधिक पद्धति से उनसे लागत व ब्याज सहित कर ली जाएगी.

दिनांक 30.10.2026, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय- बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), 07752-310229 / 310231
ई-मेलः recovery.bilaspur@bankofbaroda.bank.in

बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी-"परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैः-

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 17.11.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक

क्र.	ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता	चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं.	कुल बकाया राशि	1.प्रारक्षित मूल्य 2.बयाना एवं 3.बोली राशि	कब्जे का स्वरुप सांकेतिक/ भौतिक
01	1. मेसर्स वेदांशी पब्लिकेशन प्रोप श्री अजीत कुमार साहू पिता श्री फागुलाल साहू, ग्राम- खजुरी नवागांव, काठकोनी, लखतपुर रोड बिलासपुर, (छ.ग.)-495001	साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय भूमि स्थित खसरा नं.- 666 / 16, क्षेत्रफल- 1200 वर्गफीट स्थित प्लाट नं.- 83, मौजा मेंड्रा, प.ह.नं. - 42, आरएनएम सकरी, विकासखंड और तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती पमिता साहू पति श्री अजीत कुमार साहू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तरः पिछले मालिक की भूमि, दक्षिणः पिछले मालिक की भूमि, पूर्वः सड़क, पश्चिमः पिछले मालिक की भूमि.	रु. 46,72,636.17 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 9,72,000.00 रु. 97,200.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा
	2. श्रीमती पमिता साहू पति श्री अजीत कुमार साहू (जमानतदार), 32 नरियारा, पोस्ट ऑफिस नरियारा, उप जिला- मालखरौदा, जिला-जांजगीर चांपा, छ.ग.- 495691	साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय भूमि स्थित खसरा नं. - 263 / 43, क्षेत्रफल - 1896 वर्गफीट स्थित प्लाट नं.- 40 / 04, खसरा नं.- 263 / 43, प.ह.नं.- 40, मौजा तिफरा, आरएनएम बिलासपुर, विकासखंड बिल्हा, तहसील और जिला - बिलासपुर, छ.ग. हैं जो श्री फागुलाल साहू पिता श्री रुपसाय और श्री अजीत कुमार साहू पिता श्री फागुलाल साहू के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तरः शमशान घाट का दिवाल, दक्षिणः विवेकानन्द सुमन की भूमि, पूर्वः नज़रु खान की भूमि, पश्चिमः निरतारी रोड.		रु. 27,54,000.00 रु. 2,75,400.00 रु. 10,000.00	भौतिक कब्जा
	3. श्री फागुलाल साहू पिता श्री रुपसाय, पता - 32 नरियारा, पोस्ट ऑफिस नरियारा, उप जिला - मालखरौदा, जिला जांजगीर चांपा, छ.ग. - 495691. बिलासपुर मुंगेली रोड शाखा				

संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय 16.11.2026 दोप. 01 से शाम 04 बजे तक (पहले से अनुमति लेकर). बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नंबर- 07752-310231 पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक : 30.10.2026, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा